**अति महत्वपूर्ण**

फा.सं. ई-11014/14/2022-हिन्दी पखवाड़ा/ 288

भारत सरकार

केन्द्रीय जल आयोग

हिन्दी अनुभाग

906(द), सेवा भवन,

आर0के0 पुरम, नई दिल्ली-110066

दिनांक: 30अगस्त,2022

**विषयः केन्द्रीय जल आयोग (मुख्यालय) में दिनांक 14.09.2022 से 29.09.2022 तक हिन्दी पखवाड़ा एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन।**

केन्द्रीय जल आयोग (मुख्यालय) में दिनांक **14.09.2022 से 29.09.2022** तक हिन्दी पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान निम्नलिखित प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा:-

| दिनांक | प्रतियोगिता का नाम एवं समय | |
|---|---|---|
| | 11.00 बजे (पूर्वाह्न) | 02.30 बजे (अपराह्न) |
| 20.09.2022 (मंगलवार) | हिन्दी टिप्पण-आलेखन प्रतियोगिता (हिंदी भाषी एवं हिंदीत्तर भाषी) | हिंदी टंकण प्रतियोगिता (कम्प्यूटर पर) |
| 21.09.2022 (बुधवार) | अनुवाद प्रतियोगिता (सभी के लिए) | श्रुतलेख प्रतियोगिता (एमटीएस कर्मचारियों के लिए) |
| 22.09.2022 (गुरुवार) | काव्य पाठ (हिंदी भाषी एवं हिंदीत्तर भाषी) | |
| | | |

**प्रतियोगिताओं का स्थान-:**

1. हिंदी टंकण प्रतियोगिता **हिन्दी अनुभाग (कक्ष संख्या 901 द., 9वां तल)** में आयोजित की जाएगी।
2. काव्यपाठ प्रतियोगिता **प्रशिक्षण कक्ष, 5वां तल, सेवा भवन** में आयोजित की जाएंगी।
3. शेष सभी प्रतियोगिताएं **सम्मेलन कक्ष, तृतीय तल, सेवा भवन** में आयोजित की जाएंगी।

जारी.../2

- **नियम एवं शर्तें-:**
  - सभी प्रतियोगियों को **मास्क पहनना** अनिवार्य होगा तथा उन्हे **सामाजिक दूरी** (सोशल डिस्टेन्सिंग) का पूर्णतया पालन करना होगा।
  - सभी प्रतियोगिताओं के लिए कम से कम पांच प्रतिभागियों का होना आवश्यक है। पांच से कम प्रतिभागी होने पर संबंधित प्रतियोगिता को रद्द भी किया जा सकता है।
  - किसी एक प्रतिभागी के दो से अधिक प्रतियोगिताओं में विजयी होने पर उसे अधिकतम दो पुरस्कार ही दिए जाएंगे।
  - हिंदी अनुभाग के अधिकारी/कर्मचारी इन प्रतियोगिताओं में भाग नहीं ले पाएंगे।
  - काव्य प्रतियोगिता में पिछले पखवाड़ा के दौरान पुरस्कृत कविताओं को दोहराया न जाए।
  - कविता में किसी धर्म, जाति, वर्ग व महिलाओं के संबंध में व्यंग्य अथवा टीका-टिप्पणी न की जाए तथा भाषा एवं शैली शालीन हो। कविता में उक्त नियम का पालन न होने पर उसे रद्द कर दिया जाएगा। काव्य प्रतियोगिता में अंतिम निर्णय निर्णायक मंडल का होगा तथा उसे चुनौती नहीं दी जा सकती।
  - हिन्दीत्तर भाषियों को नियमानुसार बोनस अंक दिए जाएंगे ।

अनुरोध है कि सभी अधिकारी/कर्मचारी उपर्युक्त प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़ कर भाग लें और साथी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं स्टॉफ को भी प्रतियोगिताओं में भाग लेने हेतु प्रोत्साहित करें। कृपया अपना नामांकन संलग्न प्रोफार्मा में **सीधे हिन्दी अनुभाग को अथवा ई-मेल पता hindisec-cwc@gov.in पर 07.09.2022 तक अवश्य भेज दें।**

**संलग्नक:** नामांकन प्रपत्र ।

30/8/2022
**(रजिन्दर पाल)**
उप निदेशक (रा.भा.)
बी.पी.एल. नं. 3720

**सेवा में,**

1. सभी मुख्य अभियंता, केन्द्रीय जल आयोग, नई दिल्ली।
2. सचिव, केन्द्रीय जल आयोग, नई दिल्ली।
3. सभी निदेशक/शाखा अधिकारी/लेखा अधिकारी/अनुभाग अधिकारी, केन्द्रीय जल आयोग, नई दिल्ली। इस अनुरोध के साथ कि अपने-अपने स्कंधों के प्रतिभागियों की नामांकन सूची हिन्दी अनुभाग को भेजें।

4. निदेशक (समन्वय), अभिकल्प एवं अनुसंधान/जल आयोजना एवं परियोजना/नदी प्रबंध स्कंध, के0ज0आ0, नई दिल्ली। इस अनुरोध के साथ कि अपने-अपने स्कंधों के प्रतिभागियों की नामांकन सूची हिन्दी अनुभाग को भेजें।
5. निदेशक (प्रशिक्षण)/(पी.सी.पी.), केन्द्रीय जल आयोग, नई दिल्ली।

**<u>प्रतिलिपि:</u>**

1. अध्यक्ष, केन्द्रीय जल आयोग के प्रधान निजी सचिव, नई दिल्ली।
2. सदस्य, अभिकल्प एवं अनुसंधान/जल आयोजना एवं परियोजना/नदी प्रबंध स्कंध के प्रधान निजी सचिव, केन्द्रीय जल आयोग, नई दिल्ली।
3. मुख्य अभियंता (मा.सं.प्र.), केन्द्रीय जल आयोग, नई दिल्ली।
4. निदेशक (प्रशासन), केन्द्रीय जल आयोग, नई दिल्ली।

भारत सरकार
केन्द्रीय जल आयोग
हिन्दी अनुभाग

❖

# हिन्दी पखवाड़ा- 2022
# (14.09.2022 से 29.09.2022 तक)

<u>नामांकन प्रपत्र</u>

प्रतिभागी का नाम:

पदनाम:

मातृभाषा:

निदेशालय/अनुभाग:

दूरभाष/बी.पी.एल.:

<u>जिन प्रतियोगिताओं में भाग लेना हो उस पर सही (✓) का निशान लगाएं।</u>

- हिन्दी टिप्पण-आलेखन प्रतियोगिता (हिंदी भाषी एवं हिंदीत्तर भाषी) 20.09.2022 (पूर्वाह्न 11.00 बजे)
- हिंदी टंकण प्रतियोगिता (कम्प्यूटर पर) 20.09.2022 (अपराह्न 02.30 बजे)
- अनुवाद प्रतियोगिता (सभी के लिए) 21.09.2022 (पूर्वाह्न 11.00 बजे)
- श्रुतलेख प्रतियोगिता (एमटीएस कर्मचारियों के लिए) 21.09.2022 (अपराह्न 02.30 बजे)
- काव्य पाठ (हिंदी भाषी एवं हिंदीत्तर भाषी) 22.09.2022 (पूर्वाह्न 11.00 बजे)

<u>प्रतिभागी के हस्ताक्षर</u>

सेवा में,
उप निदेशक (राजभाषा)
901 (द.), केंद्रीय जल आयोग
सेवा भवन, नई दिल्ली।